आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 6 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामंजस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। नरेन्द्र मोदी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षार्थियों के साथ देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और उनके अधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग, दिल्ली में महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में तीन हजार करोड़ रूपए की लागत से विश्व स्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में जल्द ही पैट स्कैन और रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को भी मजबूत कर रही है ताकि मरीजों को उनके घर द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में 3 सौ डॉक्टरों का प्रशिक्षण और अवकाश रिजर्व कोटा बनाने के निर्देश भी दिए।

सिकंदर

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से सैनिकों, पूर्व सैनिकों, बुजुर्ग व बीमार सैनिकों के लिए हमीरपुर जिले में बडसर विधानसभा क्षेत्र के ढटवाल में एक इएसएम कैंटीन एक्सटेंशन कांउटर खोलने का आग्रह किया है। उन्होंने आज संसद में सैनिकों, पूर्व सैनिकों, बुजुर्ग व बीमार सैनिकों की समस्या का मामला उठाया। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि हमीरपुर और बडसर में दो पूर्व सैनिक कैंटीन काम कर रही है जिनपर 13 हजार पांच सौ 27 कार्ड धारक निर्भर हैं जिनमें से तीन हजार 9 सौ आठ कार्डधारक ढटवाल तहसील के है। उन्होंने कहा कि बडसर कैंटीन की मौजूदा हैंडलिंग क्षमता रोजाना लगभग दो सौ 50 कार्ड की है जो कुल कार्ड धारकों कीसंख्या की तुलना में बहुत कम है और इस कारण पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को असुविधा का सामना करना पडता है।

चीनी नागरिक

धर्मशाला के मैकलोडगंज में चीन का एक नागरिक पिछले लगभग एक सौ 30 दिनों से बिना वैध भारतीय वीजा के पाया गया है। कांगड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर सिंह ने बताया कि ये चीनी नागरिक नेपाल का 90 दिनों को टुरिस्ट वीजा लेकर पहुंचा था और बिना वैध दस्तावेजों

के भारत पहुंच गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दोपहर बाद मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और शिमला सहित कई स्थानों पर ओलावृष्टि व वर्षा हुई है। राज्य के उंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूक कर हो रही  बर्फबारी से शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से नीचे बना हुआ है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज मध्यम व अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी हो सकती है जबकि 4 फरवरी से मौसम में सुधार आने की संभावना है।

## धर्माणी

बिलासपुर जिला के घुमारवीं स्थित पीएमश्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर–19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहली फरवरी को शुरू हुई इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर से 30 टीमें भाग ले रही है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रतियोगिता स्थल का जायजा लिया और खिलाड़ियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में खेंल अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है और यहां जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हैंडबॉल इंडोर स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा।

---